तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 6 अप्रैल 2026



12 त्रि-दिनी रामधुनी प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में उमड़ी भीड़ ...



10 अड़जाल में आज श्रद्धा और उत्साह से मनाई ...



## समय पर जांच और नियमित दवा जरूरी, टीबी उन्मूलन को जन आंदोलन बनाने पर जोर

# टीबी मुक्त भारत अभियान को मिली गति 360 मरीजों को पोषण आहार का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने की दिशा में भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा एक सराहनीय और जनहितकारी पहल की गई। प्रशासनिक भवन स्थित मुख्य महाप्रबंधक सभागार में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में 360 क्षय रोग (टीबी) मरीजों को उच्च प्रोटीन युक्त पोषण आहार पैकेट वितरित किए गए। यह आयोजन लौह अयस्क समूह दल्लीराजहरा के सौजन्य एवं महिला समाज दल्लीराजहरा के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत उपमहाप्रबंधक सह नगर प्रशासक टाउनशिप दल्लीराजहरा के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए केवल दवाइयां ही नहीं, बल्कि संतुलित पोषण और सामाजिक सहयोग भी उतना ही आवश्यक है। लौह अयस्क समूह दल्लीराजहरा के मुख्य महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पहल मरीजों को सिर्फ पोषण उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और जीवन को नई दिशा देने का प्रयास है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों से इस अभियान में सहभागिता बढ़ाने की अपील भी की।

क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.एल. मेरिया ने टीबी के लक्षण, उपचार और बचाव पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समय पर जांच, नियमित दवा सेवन और पौष्टिक आहार से टीबी को पूरी तरह खत्म किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है, ताकि मरीज बिना भय के इलाज करवा सकें।

### सामाजिक संगठनों ने की पहल की सराहना



महिला समाज दल्लीराजहरा की अध्यक्ष रेखा गहरवार ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सेवा और संवेदनशीलता ही समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने महिला समाज की ओर से भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया।

अनुरक्षण एवं सेवा विभाग के महाप्रबंधक मयाराम ठाकुर, महामाया, दुलकी एवं कलवर खदान के महाप्रबंधक अरुण कुमार तथा डौण्डी ब्लॉक के क्षय रोग उन्मूलन प्रभारी मनेश निर्मलकर ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए टीबी उन्मूलन को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक समाज का हर वर्ग इसमें भागीदारी नहीं निभाएगा, तब तक लक्ष्य हासिल करना कठिन होगा।

इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पहल की सराहना की। उनका कहना था कि इस तरह के कार्यक्रम मरीजों को मानसिक और सामाजिक संबल प्रदान करते हैं, जिससे वे तेजी से स्वस्थ होने की ओर अग्रसर होते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक आर. बी. गहरवार, उपमहाप्रबंधक मंगेश शेलकर एवं महिला समाज के पदाधिकारियों द्वारा मरीजों को पोषण आहार पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी घनश्याम पारकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सीएसआर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक दुर्गेश मजगहे ने किया।

### अधिकारी कार्यक्रम में हुए शामिल

इस अवसर पर मानव संसाधन विभाग, सिविल टाउनशिप के सहायक महाप्रबंधक रमेश हेडउ, उपप्रबंधक गिरीश कुमार मढ़रिया, विद्युत विभाग टाउनशिप के सहायक महाप्रबंधक अतुल कलेश, उपप्रबंधक ओमप्रकाश सोनी, श्रम कल्याण अधिकारी संतराम, टीबी उन्मूलन मितान राकेश कुमार निषाद, महिला समाज से मिनोती बास्की, शिल्पा जायसवाल, प्रभा सिंग, प्रतिमा सिंग, उषा रामटेके, आशा मजगहे एवं सोनू राम साहू सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी घनश्याम पारकर ने अधिकृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को जल्द से जल्द हासिल किया जा सके। यह आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता और सामूहिक प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया, जिसने दल्लीराजहरा क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता और जनकल्याण की दिशा में नई ऊर्जा का संचार किया।

## खबर संक्षेप

### हाईटेंशन तार की चपेट में आया कबाड़ी वाहन एक की मौत, दो गंभीर

**बालोद।** कबाड़ी का सामान ले जा रहा वाहन हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। जिसकी चपेट में आए तीन लोगों में से एक की मौत हो गई व दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार मामला ग्राम झलमला में रविवार शाम का बताया जा रहा है। जहां कबाड़ी सामान ले जा रहा वाहन नहर किनारे पहुंचा तभी हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। इस दौरान गाड़ी में सवार 5 लोगों सवार थे जिसमे से दो लोग इसकी भनक लगते ही गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाए वही गाड़ी में सवार तीन अन्य इसकी चपेट में आ गए। जिन्हे आस पास मौजूद लोगो के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया। वही दो अन्य का ईलाज जारी है।
वही पुलिस मामले की जांच मे जुट गई है। मामला कैसे हुए क्यो हुए यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### ट्रैक्टर पाट्‌र्स चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** अज्ञात चोर द्वारा ट्रैक्टर के सामान की चोरी कर ली गई। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम बुढ़ानपुर निवासी ओंकार देशमुख ने पुलिस को बताया कि ट्रेक्टर को 20 मार्च को —षि काम करने के बाद घर सामने खड़ा किया था एवं 01 अप्रैल तक घर के सामने ही खड़ा था एवं 01 अप्रैल के शाम 07 बजे अपने ट्रेक्टर को देखा तो ट्रेक्टर में लगे हिच एवं हिच का टोचन पिन लगा हुआ था एवं रात्रि में खाना खाकर सो गया एवं 02 अप्रैल को सुबह 07 बजे उठकर अपने ट्रेक्टर को देखा तो ट्रेक्टर में लगे हिच एवं हिच का टोचन पिन नहीं था, ट्रेक्टर का हिच एवं हिच का टोचन पिन कीमती 6,500 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

### घर के सामने खड़े ट्रैक्टर से सामान चोरी

**बालोद।** कृषि कार्य करने के बाद घर के सामने खड़े किए ट्रैक्टर के सामानो को कोई चोर चोरी कर ले गया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिंगारपुर निवासी रवि कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि ट्रैक्टर को 26 मार्च को कृषि काम करने के बाद घर सामने खड़ा किया था एवं 02 अप्रैल तक घर के सामने ही खड़ा था एवं 02 अप्रैल के रात्रि 09 बजे अपने ट्रेक्टर को देखा तो ट्रेक्टर में लगे हिच एवं हिच का टोचन पिन व हाईड्रोलिक पट्टी लगा हुआ था एवं रात्रि में खाना खाकर सो गया एवं 03 अप्रैल को सुबह 10 बजे उठकर अपने ट्रेक्टर को देखा तो ट्रेक्टर में लगे हिच एवं हिच का टोचन पिन ▸▸| शेष पेज 10 पर

# ट्रक की टक्कर से युवक की मौत ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



बाईक से घर जा रहे युवक को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे नाराज ग्रामीणो ने रास्ता में चक्काजाम कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसबोड़ निवासी भूपेन्द्र भुआर्य हाईवा चलाने का कार्य करता था। जहां हाईवा चलाने के बाद युवक हाईवा को हाईवा मालिक ग्राम गुजरा निवासी राजेश चुरेन्द्र के पास छोड़कर बाईक के माध्यम से अपने घर ग्राम भैंसबोड़ जा रहा था। इसी दौरान बालोद से दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग में गुजरा मोड़ के पास पीछे से आ रही ट्रक ने युवक के बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक बुरी तरह घायल हो गया तथा गंभीर चोट लगने से युवक की मौके पर ही मौत होने की जानकारी प्राप्त हो रही है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और करीब एक घंटे तक चक्काजाम कर विरोध जताया।

सूचना मिलते ही बालोद पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया। बाईक चालक युवक को टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मामूली विवाद में मारपीट दो आरोपियों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बच्चों को परेशान ना करने की बात कहने गए पिता के साथ दो व्यक्तियो ने मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति की पत्नी ने दो व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम गोड़मर्रा निवासी दुलौरीन बाई ने पुलिस को बताया कि 02 अप्रैल के 12:30 बजे मेरा लड़का पुष्पेन्द्र कुमार मेरे पति राधेलाल गायकवाड़ को बताया कि नीलकमल देशमुख का लड़का 13 वर्ष जो मेरे कक्षा में पढ़ता है। वह मुझे छेड़ते रहता है एवं परेशान करता है, तब मेरे पति पुष्पेन्द्र को लेकर नीलकमल देशमुख के घर सामने गए तब मेरे पति ने नीलकमल देशमुख को कहा की तुम्हारा बेटा भोमराज मेरे बेटे को परेशान करते रहता है, नीलकमल देशमुख बोला तुम झुठ बोल रहे हो तुम्हारा बेटा भी झुठ बोल रहा है, मेरे बेटे पर झुठा इंलजाम लगा रहे, कहकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं लात से मेरे पति से मारपीट करने लगा। उसी समय नीलकमल देशमुख के पिता टेकराम भी आए और दोनो धमकी देकर मेरे पति को दोनो बाप बेटा मिलकर हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किए व मारपीट ▸▸| शेष पेज 10 पर

# गोंडवाना गोंड़ समाज का वार्षिक अधिवेशन आदिवासी भवन का भूमिपूजन भी किया





हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

ग्राम परसतराई में छत्तीसगढ़ गोंडवाना गोंड़ समाज परिक्षेत्र रेंहची द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन मे विधायक कुंवर सिंह निषाद व छाया विधायक जसवंत सिन्हा कार्यक्रम में शामिल हुए जहां आदिवासी भवन का भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर विधायक निषाद ने कहा कि आदिवासी समाज इस धरती पर बसने वाला सबसे पुराना समाज है, जो अनादि काल से चला आ रहा है। यह समाज अपने धर्म संस्कृति और परंपराओं के लिए जाना जाता है। वास्तव में समाज तभी जागरूक और आत्मनिर्भर होगा जब वह खुद के सद्प्रयासों और कोशिशों से अपनी छोटी–मोटी जरूरतें पूरा करने के काबिल बने और अन्य समाज के लिए भी उदाहरण बनें।

■ जल, जंगल और जमीन की रक्षा समाज की पहचान : जसवंत सिन्हा

आदिवासी समाज का वार्षिक अधिवेशन सामाजिक समरसता, अपनी अनूठी संस्कृति, पारंपरिक विरासत के संरक्षण और अधिकारों की सुरक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। ये अधिवेशन छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में जनजातीय गौरव, एकता और समाज के उत्थान के उद्देश्य से सामाजिक समरसता बढ़ाना, पुरानी परंपराओं को बचाना और समाज के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए आयोजित किया जाता है। यह आयोजन न केवल अपनी संस्कृति का खुशी मनाते हैं, बल्कि समाज को एकजुट रखने का कार्य करते हैं।

छाया विधायक जसवंत सिन्हा ने कहा कि गोंडवाना समाज के लोग सदैव जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए संघर्ष करते रहे हैं जो उनकी पहचान और अस्तित्व का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने समाज के इस जज़्बे की सराहना करते हुए कहा कि यह संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। साथ ही उन्होंने गोंड समाज के लोगों द्वारा अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं ▸▸| शेष पेज 10 पर

## व्यापार पर पड़ रहा असर

# अचानक बदला मौसम, तेज बारिश से बस स्टैण्ड में भरा पानी, दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

अचानक हुए आधे घंटे की बारिश में शहर का नया बस स्टैण्ड में पानी भर गया। जिसके कारण वहां संचालित दुकानदारो को बारिश के दिनो की तरह गर्मी में भी दिक्कतो का सामना करना पड़ा।

रविवार सुबह अचानक मौसम ने करवट ली और तेज बारिश प्रारंभ हो गए। लगभग आधे घंटे हुई बारिश से शहर के नए बस स्टैण्ड मे पानी भर गया। जिससे यहां संचालित दुकानदारो को गर्मी में बारिश के दिन याद आ गए। जहां बारिश के दिनो में शहर का नया बस स्टैण्ड तालाब में तब्दील हो जाता था कुछ उसी प्रकार का हाल भरी गर्मी में हुई आधे घंटे की बारिश से होते नजर आया। जहां आधे घंटे की बारिश से नया बस स्टैण्ड में पानी भरने के कारण यहां दुकान संचालित करने वाले दुकानदारो को सुबह दुकान खोलने में दिक्कतो का सामना करना पड़ा। वही दुकान में आने जाने वाले ग्राहको को भी दिक्कतो का सामना करना पड़ा।





दुकानदारो का कहना है कि इस समस्या के कारण उनका व्यापार प्रभावित होता है। जिसके कारण उन्हे अपने व्यापार व्यवसाय में दिक्कतो का सामना करना पड़ता है। समस्या को दूर करने के लिए राशि तो खर्च की जा रही है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।



## खबर संक्षेप

### दो छात्र और छात्रा ने लगाई फांसी, जांच जारी

**भिलाई।** दो छात्र-छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को 11वीं की अकलोरडीह निवासी छात्रा वीणा ठाकुर ने अपने घर में फांसी पर झूल गई। उसने सुसाइड नोट में सॉरी मम्मी-पापा लिखा है। कहा कि, अब कभी परेशान नहीं करूंगी। घटना भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। मृतका शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जरवाय में पढ़ती थी। सुबह पढ़ाई करने के लिए उपर कमरे में गई हुई थी। सुबह करीब 6 बजे परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो वीणा दुपट्टे से पंखे के सहारे फंदे पर लटकी मिली। इसके अलावा रूंगटा कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई कर रहे 19 वर्षीय छात्र ने भी आत्महत्या किया है। घटना स्मृति नगर चौकी का है। युवक का नाम आर्यनगर वार्ड नंबर-12 निवासी उमेश कुमार साहू है। उमेश के पिता ऑटो चालक है। वह रूंगटा कॉलेज में कंप्यूटर साइंस सेकेंड ईयर का छात्र था। दोनों के शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया।

### युवती का नियुक्ति पत्र निकला फर्जी

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम स्कूल, जे.पी. नगर कैम्प-2 में फर्जी संविदा नियुक्ति आदेश का मामला सामने आया है। एक अभ्यर्थी जब नियुक्ति पत्र लेकर स्कूल में ज्वाइनिंग के लिए पहुंची, तभी पता चला कि यह आदेश नकली है। फिलहाल जांच में यह नियुक्ति आदेश पूरी तरह नकली पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक स्कूल की प्रिंसिपल सुधा कुर्रे के मुताबिक श्वेता कौर नामक एक अभ्यर्थी नियुक्ति आदेश के साथ ज्वाइनिंग के लिए स्कूल पहुंची थी। दस्तावेजों की बारीकी से जांच करने पर कई गंभीर खामियां सामने आई। नियुक्ति पत्र में पद का स्पष्ट उल्लेख नहीं था, उसका प्रारूप फार्मेट था। कई अन्य तथ्य संदिग्ध पाए गए। घटना की जानकारी डीईओ दुर्ग को दी और संबंधित दस्तावेज साझा किया गया। जांच में ही यह स्पष्ट हो गया कि यह फर्जीवाड़े का मामला है। शिकायत पुलिस से की गई है।

### नंदिनी थाना प्रभारी को एसएसपी ने किया सस्पेंड

**भिलाई।** लंबे समय एनडीपीएस, सट्टा, जुआ के खिलाफ उदासीनता बरतने पर एसएसपी विजय अग्रवाल ने नंदिनी थाना प्रभारी भानुप्रताप साव को निलंबित कर दिया है। उनकी जगह पर डीएसपी मोनिका पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी गई है। गौरतलब है कि दुर्ग पुलिस नशे, जुआ, सट्टा को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसके कारण इस्पात नगरी में नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया जा रहा है।

## निधन

### सुरुज बाई यादव



**बालोद।** ग्राम खेरथाडीह निवासी सुरुज बाई यादव 85 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे जीवन यादव, डॉ मेघू राम यादव, भुनेश्वर यादव की माँ एवं ताजेश यादव, राजेश यादव, अनुराग यादव की दादी थी।

# अड़जाल में आज श्रद्धा और उत्साह से मनाई जाएगी भोला बाबा जयंती

## आयोजन को लेकर तैयारियां तेज, समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा क्षेत्र सहित पूरे बालोद जिले में देवार समाज के आराध्य भोला बाबा की जयंती 6 अप्रैल, सोमवार को ग्राम अड़जाल में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। श्री जय भोला अरजाल देवार बाबा देवार समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोगों के साथ-साथ नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

कार्यक्रम को लेकर आयोजकों ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है तथा श्रद्धालुओं के लिए पूजा-अर्चना, प्रसाद वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और परंपराओं को सहेजने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी है। इस आयोजन में लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रितम सिंह मेरावी करेंगे। चिरपाल नेताम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा भोला नेताम, तोरण लाल साहु, सोमेश



साहु, पिन्टू दूबे, साधना सोरी, मंजु संजय बैस, आशा आर्य, कुलेश्वर हिचामित, पार्वती मंडावी, आत्माराम दुग्गा, रतिराम कोसमा, गीता भण्डारी, सालिक राम नेताम, सुखचेन मंडलोई, दिलवाले नेताम, आशाराम नेताम, भाई राम, संजु नेताम और संतोष नेताम सहित कई जनप्रतिनिधि और समाज प्रमुख कार्यक्रम में शामिल होंगे। समाज के वरिष्ठजनों का कहना है कि भोला अरजाल बाबा की जयंती वर्षों से देवार समाज की आस्था का केंद्र रही है। यह दिन समाज को अपनी परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने का कार्य करता है। वहीं युवाओं में भी इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन समिति के कार्यभारी अध्यक्ष अनुप सोरी ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम को और अधिक भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि समाज की एकता और सांस्कृतिक विरासत का संदेश दूर तक पहुंचे। अध्यक्ष रोहित नेताम और कोषाध्यक्ष उमेश नेताम ने भी सभी समाजजनों और क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और विभिन्न वर्गों के बीच आपसी भाईचारा बढ़ाते हैं। ग्राम अरजाल में होने वाला यह आयोजन क्षेत्र के लिए एक बड़े उत्सव का रूप लेता जा रहा है, जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह और तैयारी देखने को मिल रही है।

## मौसम : अर्धरात्रि से सुबह तक मौसम का विकराल रूप

# आंधी, तेज बारिश और ओलावृष्टि से शहर-गांव जनजीवन अस्त-व्यस्त







हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शनिवार की अर्धरात्रि से लेकर रविवार की प्रातःकाल तक दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया। तेज आंधी, मूसलधार बारिश और ओलावृष्टि ने मिलकर ऐसा कहर बरपाया कि कई स्थानों पर भारी नुकसान की खबरें सामने आई हैं। रात के सन्नाटे में उठी तेज हवाओं ने लोगों को संभलने तक का मौका नहीं दिया और देखते ही देखते शहर के कई हिस्सों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

तेज आंधी के चलते कई दुकानों के सामने लगे टीन शेड और एसीपी शीट उड़कर दूर जा गिरे, जिससे व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बाजार क्षेत्र में सुबह जब लोग पहुंचे तो कई दुकानों के सामने बिखरा मलबा और टूटी संरचनाएं इस प्राकृतिक आपदा की भयावहता बयां कर रही थीं। वहीं कच्चे मकानों और झोपड़ियों को भी भारी क्षति पहुंची है, कई जगहों पर दीवारें गिर गईं और छतें उखड़ गईं, जिससे गरीब परिवार खुले आसमान के नीचे रहने



को मजबूर हो गए। इस दौरान बिजली व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बिजली के खंभे और केबल गिर गए, जिससे पूरे क्षेत्र में घंटों तक अंधेरा पसरा रहा। बिजली बाधित होने से लोगों को पेयजल संकट सहित अन्य आवश्यक सेवाओं में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

प्रभावित राहगीरों ने बताया कि रात के समय अचानक तेज आंधी और ओले गिरने लगे, जिससे सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया। कई लोग सुरक्षित स्थान की तलाश में इधर-उधर भागते नजर आए। एक राहगीर ने कहा कि "ऐसा तूफान पहले कभी नहीं देखा, कुछ समझ ही नहीं आया कि कहां जाएं, जान बचाना मुश्किल हो गया था।

व्यापारियों का कहना है कि "दुकानों के सामने लगे शेड पूरी तरह उड़ गए हैं, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। प्रशासन से मांग है कि नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए ताकि दोबारा व्यापार खड़ा किया जा सके। वहीं झोपड़ी में रहने वाले परिवारों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि "हमारा सब कुछ उजड़ गया, अब रहने और खाने तक की समस्या खड़ी हो गई है। नगर पालिका क्षेत्र में भी हालात चिंताजनक बने हुए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने बताया कि टीम को तत्काल प्रभाव से प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है, सफाई और मलबा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जहां-जहां नुकसान हुआ है, वहां सर्वे कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

विद्युत विभाग के अधिकारी सुनील ठाकुर ने कहा कि आंधी के कारण कई स्थानों पर केबल और पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं। विभाग की टीम रात से ही मरम्मत कार्य में जुटी हुई है और जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

अनुविभागीय दंडाधिकारी सुरेश साहू ने जानकारी दी कि प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। नुकसान का आकलन किया जा रहा है और प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। आपदा से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों से भी फसल नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं। किसानों का कहना है कि ओलावृष्टि से खड़ी फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। फिलहाल प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्य जारी है और शहर को फिर से सामान्य स्थिति में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि इस भीषण आंधी-तूफान ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि प्राकृतिक आपदाओं के सामने मानव कितना असहाय हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद लोगों की हिम्मत और प्रशासन की तत्परता ही इस संकट से उबरने की उम्मीद जगाती है।

## जिला कार्यालय में हुई बैठक

# युवा शक्ति के संकल्प के साथ मनाया जाएगा स्थापना दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाने और संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा देने भाजपा जिला कार्यालय में भाजयुमो भिलाई की बैठक हुई। यह बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के मार्गदर्शन और भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष स्थापना दिवस को युवा शक्ति के संकल्प के साथ मनाया जाएगा, जिसमें जिले भर के हजारों युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में तय किया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर घर-घर भाजपा का झंडा लगाया जाएगा, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण होगा और बूथ स्तर तक सांगठनिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। सामाजिक सरोकारों को जोड़ते हुए सेवा कार्य एवं विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की रूपरेखा भी तैयार की गई। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा आज कार्यकर्ताओं के समर्पण से विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक

- **भाजपा स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाने भिलाई भाजयुमो ने कसी कमर**

पार्टी बनी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जनसंघ के विचारों और अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रवादी नेतृत्व की विरासत को हमें बूथ स्तर तक पहुंचाना है। सौरभ जायसवाल ने कहा कि स्थापना दिवस हमारे लिए गौरव का उत्सव है। भिलाई युवा मोर्चा इस बार न केवल शक्ति प्रदर्शन करेगा, बल्कि रचनात्मक कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस दिन को यादगार बनाएगा।

### नशीली दवा के साथ दो युवक गिरफ्त में

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविशंकर स्टेडियम के पीछे चैनल गेट के पास दो युवक अवैध रूप से नशीली दवा बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी किया।

# जामुल में दो जगहों पर बनेगा बैडमिंटन कोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में विकास कार्यो का भूमिपूजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रुप में अहिवारा

- **करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण**

विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा ने विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया। स्वागत भाषण में नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने सभी जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए जामुल में हो रहे विकास कार्यों के लिए विधायक कोर्सेवाडा के सहयोग और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रथम तल निर्माण 66 लाख रूपये, सुरडुंग हाई स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण 19 लाख रूपये, रावण भाठा में 100 फीट तिरंगा झंडा लगाने 20 लाख रूपये, वार्ड 20 में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण 12 लाख रूपये, वार्ड 14 में बैडमिंटन कोर्ट 12 लाख रूपये, वार्ड 20 में एसएलआरएम सेंटर निर्माण में 25 लाख रूपये, सुरडुंग हाई स्कूल में ट्री प्लांटेशन कार्य में 28 लाख रूपये का लोकार्पण किया गया। 15 वें वित्त आयोग राज्य प्रवर्तित योजना, अधो संरचना मद से 7 करोड़ रूपये का भूमि पूजन किया गया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने जामुल समेत प्रदेश भर में हो रहे विकास कार्यों के साथ नक्सल मुक्त भारत, नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ पर अपना विचार व्यक्त किया। अध्यक्षता कर रहे खादी , ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने युवाओं में जोश भरते हुए समय में विकास कार्यों के लिए और अधिक तैयारी करने के साथ सबको साथ मिलकर कार्य करने की प्रेरणा दी।

### हाइड्रोपोनिक गांजा समेत दो गिरफ्तार

**भिलाई।** हाइड्रोपोनिक गांजा समेत दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बोरसी रोड स्थित बीज विकास निगम के पास, रुआबांधा भिलाई क्षेत्र में गांजा को अवैध रुप में बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंची और मोंगरा 101 फेस बी, तालपुरी भिलाई निवासी विक्रम साहू, एमआईजी 1/982, हुडको यश विश्वकर्मा को पकड़ा गया। युवकों के पास से पुलिस ने 2 किलोग्राम गांजा 1 लाख, 2.3 ग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा 10 हजार, चिलम, रोलिंग पेपर (गोगो पेपर), लाईटर, सिगरेट एवं बीड़ी, मोबाइल और 40 हजार नगदी जब्त किया गया।

# सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**दुर्ग।** औद्योगिक ग्राम रसमड़ा में भाजपा के कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात के 132 वें संस्करण को सुना। चारो बूथ के पदाधिकारियो ने मन की बात प्रभारी मुकेश मांडले अध्यक्ष सेवा सहकारी समिमि नगपुरा एवं कार्यक्रम अतिथि मोहन ठाकुर बोरई मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा के विशेष उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद तय किया गया कि सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे, इसके लिए कार्यकर्ता काम करेंगे। इस अवसर पर कार्यसमिति सदस्य रामखिलावन यादव, मंडल कार्यसमिति सदस्य व सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पुष्पा सिंह, मंडल कार्यसमिति सदस्य देवप्रसाद साहू, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा चमन यादव, रुपेश कुमार यादव, गरीबाराम तांडी, त्रिभूवन वैष्णव , राजकुमार शर्मा, भागवानी साहू, अनूप यादव, लव कुमार ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### रिसाली निगम का ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत



**भिलाई।** रिसाली निगम में कार्यरत एक ठेका श्रमिक की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक का नाम रोशन देवांगन बताया गया है। जानकारी के मुताबिक मृतक रोशन रिसाली क्षेत्र में बिजली सुधार काम कर रहा था। इस दौरान वह बिजली तारों के चपेट में आया गया, और करंट लगने से मौत हो गई।

# सांसद पर टिप्पणी के विरोध में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सांसद विजय बघेल के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणी का विरोध किया है। इसे लेकर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष हिमांशु सिंह ने पुलिस को सौंपे पत्र में बताया कि ग्राम फुंडा पाटन निवासी एक युवक ने सार्वजनिक रूप से सांसद के विरुद्ध बेहद अशोभनीय और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया और न्यूज चैनल के माध्यम



से प्रसारित हुआ है, जो तेजी से वायरल हो रहा है। एक जन प्रतिनिधि के विरुद्ध इस तरह की टिप्पणी न केवल गरिमा के खिलाफ है, बल्कि यह उनकी सामाजिक और राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास है। यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। भाजयुमो ने मांग की है कि वीडियो साक्ष्य के आधार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनिकेत यादव, प्रिया साहू, उल्लेख साहू, उमंग ताम्रकार, राहुल देवांगन, अब्दुल्ला कुरैशी उपस्थित थे। इस मामले में पाटन पुलिस ने आरोपी गौरव वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज किया।

## महापौर अल्का ने किया लुचकी तालाब का निरीक्षण

# दुर्ग शहर के सभी तालाबों में चलेगा सफाई अभियान, कब्जाधारियों से वसूला जाएगा जुर्माना

### दो लोगों पर 4 हजार का लगाया जुर्माना, आगे भी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर के सूखते तालाबों को सहेजने के लिए निगम ने अभियान शुरू किया है। इसके अंतर्गत सभी तालाबों की सफाई कराई जाएगी। शनिवार को महापौर अल्का बाघमार ने लुचकी तालाब क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को तालाब सफाई को लेकर अभियान चलाने के निर्देश दिया। मौके पर दो कारोबारियों द्वारा अतिक्रमण किया गया था। दोनों पर 4 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। महापौर सुबह शहर के प्रमुख जलस्त्रोत लुचकी तालाब पहुंची थीं। निरीक्षण के दौरान तालाब की साफ-सफाई, गहरीकरण कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, नीलेश अग्रवाल, पार्षद जितेंद्र ताम्रकर, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, उपअभियंता विनोद मांझी, सफाई दरोगा सुरेश भारती, मनोहर शिंदे सहित अन्य मौजूद थे।



### तालाब शहर की धरोहर, इसे सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी

महापौर ने तालाब के चारों ओर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और लुचकी तालाब के समग्र विकास हेतु शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह तालाब शहर की महत्वपूर्ण धरोहर है, जिसके संरक्षण और सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देना आवश्यक है, ताकि नागरिकों को बेहतर पर्यावरण और सुविधाएं मिल सके। निरीक्षण के दौरान गुजराती धर्मशाला के समीप वार्ड क्रमांक 8 में भवानी ट्रेडर्स द्वारा दुकान के बाहर सड़क सीमा क्षेत्र में रेत और गिट्टी रखकर व्यवसाय किए जाने पर महापौर ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल सामग्री हटाने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों को 3,000 रुपये का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए।

### नाली के ऊपर रखा था कबाड़ का सामान, जुर्माना

इसी तरह नाली के ऊपर कबाड़ सामग्री रखकर अतिक्रमण करने वाले आबिद कबाड़ी के विरुद्ध भी कार्रवाई करते हुए 1,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। महापौर ने स्पष्ट कहा कि बाजार क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महापौर ने कहा कि इस क्षेत्र में प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है, ऐसे में नागरिकों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख स्थानों पर नियमित निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रखें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## पेज 9 का शेष

### मामूली विवाद ...

कर धक्का देकर जमीन पर गिरा दिये, मेरा बेटा आया और बताया, जिसे ओमप्रकाश एवं ईश्वर गायकवाड़ की मदद से प्रायवेट वाहन से सीएचसी देवरी लाकर भर्ती कराई हूं।

### गोंडवाना गोंड़ ...

और रीति–रिवाजों को संजोकर आगे बढ़ाने के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज की यह संस्कृति धरोहर आने वाले समय में और अधिक सशक्त होकर उभरेगी। इस अवसर पर सिन्हा ने समाज को अन्नपूर्णा भोजन व्यवस्था के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम मे अध्यक्ष गोंडवाना गोंड महासभा बालोद प्रेमलाल कुंजाम, सदस्य जिला पंचायत बालोद मीना उमाशंकर साहू, जीवन बंदे, सरपंच गायत्री नेताम, सेवंत मण्डावी, कुलेश्वर देशमुख, सागर साहू, विनय साहू, शिवेंद्र देशमुख, चित्रंश, आनंद कोसरे, लोकेश कोर्राम सहित जनप्रतिनिधि,समाजिक पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### घर के सामने खड़े ...

व हाईड्रोलिक पट्टी नहीं था, ट्रेक्टर का हिच एवं हिच का टोचन पिन व हाईड्रोलिक पट्टी कीमती 10,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

## खबर संक्षेप

### शिशुपाल बने कांग्रेस के महामंत्री



**डोंगरगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के महामंत्री पद पर शिशुपाल भारती को नियुक्त किया गया है। श्री भारती की नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार व्यक्त किया है। उन्हे पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, हरीश भंडारी, लोकनाथ भारती, रिम्मी भाटिया, जितेन्द्र सिंग भाटिया, मतिन खान, आमीन उईके, दिनेतू जांगडे, गौकरण कोसले, प्रमोद टेंम्भूलनीकर ने बधाई दी है।

### पानी बचाने टपक विधि का प्रदर्शन



**जेवरतला रोड।** जल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे नीर चेतना अभियान के तहत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब ने कार्यक्रम का आयोजन कर टपक विधि से सिंचाई का प्रदर्शन किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरके देवांगन ने बताया कि यह आयोजन तांदुला नदी के स्वरूप को वापस लाने के लिए है। सबको इस अभियान से जुड़कर जल संचय करना चाहिए। व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक ने गिरते भूजल स्तर पर चिंता जताते हुए इसके स्रोतों के पुनर्जीवित तथा अधिक से अधिक वर्षा जल संचय करते हुए वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर दिया।

व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी एवं अजय पाठक ने टपक विधि से सिंचाई करने का प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इस विधि से पौधों को आवश्यकतानुसार नमी मिलती है और पानी की बर्बादी कम होती है। शिक्षक नेहा साहू, गायत्री साहू एवं उपस्थित लोगो ने इस विधि की प्रशंसा की।

### लगातार दर वृद्धि का विरोध, आर्थिक बोझ डालने का आरोप

# लोगों को बिजली का झटका देना बंद करे सरकार : आम आदमी पार्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



आम आदमी पार्टी ने प्रदेश में प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि और बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला बोलते कहा कि साय सरकार को बार-बार बिजली दर बढ़ाकर आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने के बजाय उसके उत्पादन और प्रबंधन सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर तकनीक का दुरुपयोग और लगातार खराब प्रबंधन से आम जनता त्रस्त है। यह स्थिति दर्शाती है कि ऊर्जा विभाग पूरी तरह ब्यूरोक्रेट्स के प्रभाव में काम कर रहा है। जिससे जनहित की अनदेखी हो रही है। हाल ही में लागू किए गए नए टेंडर सिस्टम को लेकर आरोप लगाते कहा कि आपातकालीन कार्यों के लिए बनाए गए नए टेंडर अव्यवहारिक और जटिल नियमों से भरे हैं। जिनके माध्यम से अनुभवहीन ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है। इससे कार्यों की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है और समय पर संधारण नहीं हो पा रहा है। पार्टी ने कहा कि यह पूरा सिस्टम अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है और यही कारण है कि अघोषित बिजली कटौती की समस्या बढ़ रही है। पार्टी ने बिजली विभाग के शीर्ष प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराते कहा कि एमडी की लापरवाही और लगातार खराब प्रबंधन के कारण प्रदेश की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। प्रस्तावित बिजली दर वृद्धि को तत्काल वापस लेने, विभाग के वर्तमान एमडी को बदलने, अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा करने, टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने, स्मार्ट मीटर व्यवस्था में सुधार कर जनता को राहत देने के साथ ही अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते पिपरिया में बिजली ऑफिस का घेराव कर सरकार के नाम को ज्ञापन सौंपा।

#### आंदोलन की चेतावनी

पार्टी ने सरकार को चेतावनी देते कहा कि है कि यदि सरकार बिजली दर वृद्धि करती है तो आने वाले समय में पार्टी आम जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेगी। कुप्रबंधन के चलते सरकार को वितरण कंपनी के एमडी से इस्तीफा लिया जाना चाहिए। साथ ही सरकारी विभाग के लगभग 3500 करोड़ और हजारों करोड़ रुपए निजी उद्योगपतियों से पेंडिंग बिल की वसूली करें अथवा बिजली कनेक्शन काटे नहीं तो 1 मई के बाद पार्टी कार्यकर्ता जाकर उनका बिजली कनेक्शन काटेंगे।

# वन विभाग के विभिन्न निर्माण कार्यों में गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ उपवन मंडल अंतर्गत विभिन्न स्वीकृत कार्यो में जमकर गड़बड़ी का मामला प्रकाश में आया है। लकड़ी कूप कटाई, बांस कूप कटाई, वन अग्नि प्रबंधन और वृक्षारोपण, वन संरक्षण, तालाब गहरीकरण, झीरिया निर्माण, सड़क निर्माण आदि के नाम पर राशि का आहरण किया गया है। जानकारी के अनुसार पहले लगभग 60 लाख तक के काम विभागीय स्तर में किया जाता था। अब स्वीकृत राशि का 20 से 30 प्रतिशत तक खर्च कर अधिकारी जेब भरने में लगे हैं।

जानकारी के अनुसार जंगलो की सुरक्षा के लिए कराए गए तार फैसिंग में गड़बडी के अलावा मजदूरों के नाम पर फर्जी हाजिरी भरकर गड़बड़ी किया गया है। तलाब गहरीकरण में मजदूरों से काम कराने के बजाए जेसीबी का उपयोग किया गया किन्तु राशि का आहरण मजदुरो के नाम से किया गया है। 2023-24 के दौरान दक्षिण और उत्तर बोरतलाब में लगभग 10 लाख का आहरण मजदूरों के नाम पर करने का मामला सामने आया था। जिसके मस्टररोल में बाहरी मजदुरों के अलावा स्कूली बच्चों और गर्भवती महिलाओं के नाम से पाए गए थे। यह मामला जांच की आड़ में ठंडे बस्ते में चला गया।

#### सवालों के घेरे में अधिकारी

जानकारी के अनुसार वन विभाग क अधिकारी कर्मचारी अपने रिश्तेदारों के माध्यम से अवैध कटाई, खनन करा रहे है। इस आशय की शिकायत होने के बाद उच्च अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार वन कर्मचारियों की संपत्ति की जांच की जाए तो आय से अधिक संपत्ति का खुलासा होने की संभावना है।

# भंडार क्रय नियमों पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पीएम गतिशक्ति योजना एवं भंडार क्रय नियमों के विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं प्रक्रियाओं के सरलीकरण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यशाला में उप संचालक उद्योग संचालनालय मौसमी राहा द्वारा पीएम गतिशक्ति योजना के उद्देश्यों, क्रियान्वयन प्रक्रिया एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही भंडार क्रय नियमों के प्रावधानों, प्रक्रियाओं एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उपायों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सानू व्ही. वर्गीस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# फील्ड में जाकर सतत कार्य करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- प्रभारी सचिव ने ली समीक्षा बैठक

प्रभारी सचिव अविनाश चंपावत ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर फील्ड में जाकर कार्य करें और अटल मॉनिटरिंग पोर्टल एवं ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से सभी प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। प्रभारी सचिव ने जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को और बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवेदकों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करानी पड़े, दोनों पक्षों की सुनवाई कर मामलों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निराकरण किया जाए।

प्रभारी सचिव ने सभी विभागों को जनहित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते तेजी और पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उठाव, पीएम आशा योजना तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की भी समीक्षा की।




#### सूर्यघर योजना के हितग्राही सम्मानित

प्रभारी सचिव ने जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 हजार से अधिक घरों पर सोलर कनेक्शन लगने पर बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी राजनांदगांव निवासी संजय कुमार रघुवेन्द्र और कंचनबाग राजनांदगांव निवासी केकती साहू प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी राजनांदगांव निवासी संजय कुमार रघुवेन्द्र और कंचनबाग राजनांदगांव निवासी केकती साहू ने खुशी व्यक्त करते कहा कि उन्होंने अपने घर की छत पर रूपटॉफ सोलर पैनल लगाया है। जिससे उनका बिजली बिल शून्य हो गया है और भविष्य में अतिरिक्त बिजली उत्पादन पर उन्हें आर्थिक लाभ भी मिलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### लिलिमा का नवोदय में चयन



**बेलगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर मेढा की छात्रा लिलिमा साहू पिता नोहरदास साहू का पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। किसान परिवार की लिलिमा का चयन होने से गांव से लेकर शाला परिवार में खुशी देखी जा रही है। लिलिमा ने मुसरा में संचालित नवोदय कोचिंग सेंटर के प्रशिक्षक दीनदयाल साहू के सानिध्य में प्रवेश परीक्षा की तैयारी किया था।

### आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण



**छुरिया।** मंगियाटोला में गत दिनों हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इसी दिन नवीन आंगनबाड़ी भवन के लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हनुमान जी की पूजा, हवन एवं आरती के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू ने मंदिर में पूजा-अर्चना की।उन्होंने फीता काटकर आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस मौके पर राजकुमार सिन्हा, प्रताप सिंह घावड़े, उभेराम मंडावी, लिलेश्वरी घावड़े, कुलेश्वरी खुर्शीयाम, सुरेखा कोमरे, उनेन्द्र खुर्शीयाम, चेतन, रामलाल नेताम, अंजोर कुंजाम, पुनत कोमरे, सुनीता, रोहित वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा



**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ से चिचोला मार्ग पर स्थित शासकीय भूमि पर कब्जा करने अलावा निर्माण शुरू हो गया है। कब्जा और निर्माण होने के बाद कार्यवाही नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि कल्याणपुर निवासी के जमीन पर कब्जा करने के कारण मुख्य मार्ग संकरा हो गया है और भविष्य अन्य लोग भी कब्जा कर सकते है। इस मामले की लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से शिकायत किया जा चुका है किन्तु कार्रवाई नहीं हो रही है।



### जलाऊ लकड़ी की अवैध कटाई

**डोंगरगढ़।** शहर में चुल्हा का उपयोग शुरू होने के साथ जंगल से अवैध रूप से काटकर लकड़ी लाने का मामला प्रकाश में आ रहा है। हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद भी वन विभाग का अमला अवैध कटाई के मामले को नजर अंदाज कर रहा है। जानकारी के अनुसार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगी आरा मशीनों में जलाउ लकडी की आड़ में इमारती लकड़ियों का चिरान किया जा रहा है। जलाउ लकडी को चिरान कर होटल और ढाबो में बेचा जा रहा है वही इमारती लकडी को फर्नीचर बनाने वाले ठेकेदारों को बेचा जा रहा है। शहर की कई होटल ढाबो में बडे पैमाने में लकडी इकटठा किया गया है।

### सुकुलदैहान में मुरूम का खनन



**डोंगरगढ़।** सुकुलदैहान में अवैध मुरूम उत्खनन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से बिना अनुमति के मुरूम की खुदाई की जा रही है, जिससे शासन को राजस्व की क्षति हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार दिन-रात मशीनों की मदद से मुरूम निकाली जा रही है और हाईवा के माध्यम से अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है। इस गतिविधि से गांव की सड़कों की हालत खराब हो गई है।इस मामले की शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों ने अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

### कांग्रेस को मजबूत करने पर जोर



**डोंगरगढ़।** संगठन सृजन कार्यक्रम अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बूथ क्रमांक 153 के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने पर चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी जितेंद्र भाटिया, सह प्रभारी मतीन खान, ब्लॉक अध्यक्ष हरीश भंडारी, सेक्टर प्रभारी मनोज साहू ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। जब हर बूथ और वार्ड में सही टीम खड़ी होगी तभी संगठन मजबूत होगा। बैठक में गणपत रजक, आमना बेगम, वर्षा मेश्राम, भरत साहू, सुनील यादव, मनीष साहू, अमन यादव, विनीत कुमार, मुकेश कुमार, डीकेश्वर, मो सादिक, देवेंद्र साहू, राधे यादव, खुमान साहू, महेश साहू, पवन, दीपक वर्मा, जाकिर खान, दीपक साहू, बबलू साहू, दशरथ साहू आदि उपस्थित थे।

### मुक्तिधाम निर्माण का भूमिपूजन

**घुमका।** राज्य प्रवर्तित मद से स्वीकृत मुक्तिधाम निर्माण का शनिवार को भूमिपूजन किया गया। सीएमओ ज्ञानेश्वर प्रसाद देवदास ने बताया कि वार्ड 6 में आसीन तालाब के पीछे मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा। राज्य प्रवर्तित मद से 50 लाख की स्वीकृति मिली है। मुक्तिधाम में विश्राम गृह, आहता, बोरवेल एवं अंतिम संस्कार के लिए शेड निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन के अवसर पर नोहेन्द्र सिन्हा, नरेंद्र वर्मा, नूनकरण वर्मा, रूपनारायण साहू, किशन चंदेल, गंगेश्वर वर्मा, सूरज पात्रे, राजेश वर्मा, विक्रम वर्मा, फागू यादव, गणपत वर्मा, दिलीप वर्मा, यशवंत मौजूद थे।



### टैंकर मिलने पर ग्रामीणों ने जताया आभार



**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत चकनार में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार की अनुशंसा पर टैंकर उपलब्ध कराया गया। शनिवार को पंचायत जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच वंदना पटेल, लालचंद पटेल, गयाराम जंघेल, भैरव साहू, युवराज यादव, रूपसिंह, पटेल, गौतम कुंजाम, पुनीताबाई, खेमिनबाई, अमृत मरकाम सहित अन्य मौजूद थे। ज्ञात हो कि गांव में गर्मी के समय पेयजल समस्या रहती है। ग्रामीणों को पेय एवं निस्तारी जल के लिए जद्दोजहद करना पड़ता था। ग्रामीणों ने इस समस्या से जिला पंचायत अध्यक्ष को अवगत कराया था जिन्होंने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए टैंकर उपलब्ध कराया है। ग्रामीणों ने उनका आभार जताया है।

# खपरीकला में बन रहा आस्था का नया केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम खपरीकला में इन दिनों आस्था के केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। यहां दान की लगभग 24 डिसमिल भूमि पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। मंदिर में स्थापित 8 फीट लंबे लेटे हुए हनुमान जी की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। पौराणिक कथाओं के अनुसार हनुमान जी को शक्ति, भक्ति और सेवा का प्रतीक माना गया है। रामायणमें वर्णित कथा के अनुसार जब माता सीता ने लंका में हनुमानजी के पराक्रम को देखकर उन्हें विश्राम करने का आदेश दिया, तब उन्होंने पहली बार विश्राम किया था। इसी प्रसंग से प्रेरणा लेकर खपरीकला में हनुमानजी की लेटी हुई प्रतिमा स्थापित की गई है।



#### जनसहयोग से मंदिर निर्माण

टाटानगर निवासी राजनारायण प्रसाद ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से मंदिर का कार्य निरंतर प्रगति पर है। मंदिर बनाने के लिए भूपेंद्र कंवर और नारद कंवर ने 24 डिसमिल भूमि दान में दी। इसके अतिरिक्त जयंती साहू सहित उमाशंकर साहू, गजेंद्र साहू, ओंकार साहू, पीताम्बर साहू, गोकुल यादव, डाबरी साहू, सत्यप्रकाश साहू, रमेश साहू आदि अपना योगदान दे रहे है। सरपंच माधुरी साहू और परमानंद साहू का भी महत्वपूर्ण सहयोग है।

#### समिति का गठन

मंदिर निर्माण के लिए समिति का गठन किया गया है। समिति में अध्यक्ष सरपंच माधुरी साहूरू उपाध्यक्ष परमानंद साहू, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कंवर, सचिव उमाशंकर साहू, सह सचिव डारी लाल साहू के अलावा राज नारायण प्रसाद, सतीश चंदेल, नवीन साहू, संतोष यादव, जयंती साहू, गोकुल यादव, बलदेव साहू, चेतनलाल साहू, पितम्बर साहू, सत्य प्रकाश साहू, लेखराम वर्मा, घनश्याम साहू, जिनेन्द्र कंवर, गजेन्द्र साहू आदि है। सभी के सहयोग पर बीते चार साल से भंडारा का आयोजन किया जा रहा है।

## 9वीं का परीक्षा परिणाम जारी

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में सत्र 2025-26 के कक्षा 9वीं के छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा कर दिया गया है। परीक्षा में 108 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 2 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सर्वाधिक 97.33 प्रतिशत अंकों के साथ प्रिंस वर्मा ने प्रथम स्थान, 97.17 प्रतिशत अंकों के साथ स्मिता साहू ने द्वितीय स्थान एवं 96.5 प्रतिशत अंकों के साथ समीक्षा निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

# बिहान से बदली महिलाओं की दशा

- वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

**छुरिया।** ग्राम पंचायत साल्हेटोला में अजीविका मिशन बिहान का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, बीरम मंडावी, खिलेश्वर साहू, भानबाई मंडावी, नैनसिंह पटेल, दुधनाथ मंडावी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि बिहान केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह महिलाओं के जीवन में बदलाव की नई सुबह है। इस योजना से गांव की महिलाओं को एक नई पहचान मिली है। बिहान समूह से जुड़कर महिलाओँ ने बचत करना सीखा है और बैंक के सहयोग से व्यवसाय शुरू किया। इस दौरान बीरम मंडावी ने भी संबोधित किया।



#### महिला खेल का आयोजन

अधिवेशन के दौरान महिलाओं के लिए गोली चम्मच, कुर्सी दौड़, रस्साकसी, बिंदी लगाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गजेंद्र पाल, ईश्वर मंडावी, जगिता नेताम, खेमलाल नेताम, जमुनाबाई, रूमन पोटाई, राधिका कंवर, विमला मंडावी सहित अन्य महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद थी।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### होटल मालिक से मारपीट आरोपी युवक पर मामला दर्ज



**बालोद।** मजदूरी ना देने की बात को लेकर युवक ने हॉटल मालिक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद हॉटल मालिक ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम मटिया (ह) निवासी राकेश कुमार डहरे पिता टेस लाल डहरे साहू 40 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मैं अपने झोपडीनुमा होटल के पीछे गांव के रवि टंडन, लीलेश्वर साहू के साथ बैठा था तभी गांव के दुर्गेश ठाकुर पिता ओमप्रकाश ठाकुर 27 साल मेरे झोपडीनुमा होटल के पीछे आकर मुझे मेरे मजदूरी का पैसा 200 रू नही दिये हो कहकर गाली गलौज कर मेरे कॉलर को पकडकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर मेरे गांव के रवि टंडन, लीलेश्वर साहू बीचबचाव किये हैं, मारपीट से मेरे बांये हाथ में चोट आकर दर्द हो रहा है।

### युवक से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** दोस्तो के साथ बैठे युवक को गांव के एक अन्य युवक ने मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रजोली भाठापारा निवासी भोज राम बघेल पिता कार्तिक राम बघेल 27 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मै भिलाई से काम करके घर वापस आया था, रात को राधा कृष्ण मंदिर के पास बरगद पेड के नीचे अपने भांजा विक्की खुटेल 17 वर्ष के साथ बैठा था तभी गांव का लोकेन्द्र यादव पिता लवकुश यादव 21 वर्ष मेरे पास आकर तुम लोग यहां क्यों बैठे हो, आज से पहले तो यहां कभी नही बैठते थे, तुम लोग यहां से चले जाओये तुम्हारे बाप का जगह है क्या कहकर गाली गलौज करने लगा जिसे गाली गलौज करने से मना करने पर मुझे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, जिसे देखकर मेरे भांजा विक्की खुटेल एवं मेरी पत्नी दामिनी बघेल बीचबचाव करने आये तो लोकेन्द्र यादव उनके साथ भी धक्का मुक्की किया है, लोकेन्द्र यादव द्वारा मारपीट करने के दौरान उसके दाहिने हाथ में पहने चूडे से मेरे बांये आंख के पास चोट आने से खून निकला है।

### मोटरसाइकिल चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** रात में घर के बाहर रखे मोटर सायकल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम तमोरा निवासी पिताम्बर सिन्हा ने पुलिस को बताया कि 28 मार्च को मेरे गांव के भुमेन्द्र कुमार साहू पिता भगवानी राम साहू के मोटार सायकल सीजी 07 एलएच 9351 को मांग कर अपने मां पवारा बाई के साथ ग्राम चिचबोड़ शादी कार्यक्रम में गया था, कार्यक्रम पश्चात वापस घर आया और मोटर सायकल को रात्रि करीबन 11:30 बजे घर के सामने खड़ा कर सो गया। 29 मार्च को प्रातः 05:45 बजे सोकर उठा बाहर निकल कर देखा तो मोटर सायकल सीजी 07 एलएच 9351 रखे स्थान पर नहीं था जिसका आस–पास पता किया जो 03 अप्रैल तक कोई पता नहीं चला। उक्त मोटर सायकल सीजी 07 एलएच 9351 28 मार्च के रात्रि करीबन 11:30 बजे से 29 मार्च के प्रातः 05:45 बजे के मध्य किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**आयोजन : ग्राम भोथली में कथा स्थल पर रक्तदान करने वाले युवाओं का सम्मान**

# भगवान श्रीरामचंद्र की कथा भव सागर को पार कराने वाली भक्ति की है नैया : राजहंस भरद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम





छत्तीसगढ़ के राजहंस मानस परिवार अंबागढ़ चौकी से आए मानसगान कथा वाचक श्री राजहंस भरद्वाज के श्रीमुख से ग्राम भोथली में गौठान मैदान में रामचरितमानस की अमृत गंगा बह रही है। जिसमे आयोजक प्रमुख समाज सेवी व पूर्व सरपंच भोथली के दिव्यांग सुरेश साहू व समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्र वासियों के सहयोग से तीन दिवसीय राम कथा चल रही है, जिसमें अंचल के लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं।

- रामचरितमानस जीवन का मार्गदर्शक ग्रंथ बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

मानस गान कथा वाचक राजहंस भरद्वाज ने कहा राम चरित मानस में सात कांड है, रामायण यानि रामचरित मानस साक्षात स्वयं श्री रामचंद्र जी के चरण हैं, हर घर में रामचरितमानस का पाठ परिवार के होना चाहिए, क्योंकि रामचरित मानस स्वयं कामधेनु एवं भवसागर को उतारने वाली नाव है, फिर मनुष्य व्यर्थ भटक रहा, क्योंकि यही धर्म है, लेकिन किंचित मात्र सुख व झूठे लोभ में आकर कुछ लोक धर्म बदल रहे समय रहते झूठी कुंभ करनीय नींद से जागो, क्योंकि त्रेता युग द्वापर युग में जीव को बड़ी कठिन तपस्या करनी पड़ती है, लेकिन कलयुग श्रेष्ठ युग है अर्थात यह युग संगम युग है, प्रभु की भक्ति सरल हो गई, प्रभु के नाम, जप से ही जीव की मोक्ष निश्चित हो जाता हैं, क्यूंकि मृत्यु लोक में साक्षात शिव जी विराजित है, साक्षात द्वादश ज्योतिलिंग व हनुमान जी 11वे रूद्रअवतार है, जो हर गांव में रक्षक बन कर रहते है, वही हर गांव में सीता की शक्ति स्वरूपा अंश ही शीतला माता गांव गांव में विराजित होकर सुख समृद्धि दे रही है व्यक्ति जब अहंकार को जब छोड़ता है, तो जीव आनंदकंद भगवान की कृपा से मोक्ष मिलती है, राम चरित मानस की एक एक दोहा, चौपाई, छंद अमृत बूंद के समान है,जो मानव जीवन को धर्म, भक्ति, मर्यादा और आदर्शों का पाठ पढ़ाता है। यह घर में सुख–समृद्धि, मनोवांछित फल, और मानसिक शांति प्रदान करने वाला माना जाता है, जिसके नियमित पाठ से राम–सीता की कृपा बनी रहती है और संकट दूर होते हैं। गंगा स्नान से तन की पवित्रता होती है, तो रामचरितमानस की कथा श्रवण करने से मन की शुद्धि होती है। यह मनवांछित फल देने वाला और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करने वाला ग्रंथ है। यह ग्रंथ मनुष्य को माता–पिता का सम्मान, त्याग, प्रेम और कर्मयोग नारी सम्मान, न्याय, सत्य की शिक्षा देता है। मान्यताओं के अनुसार जिस घर में रामचरितमानस का पाठ होता है, वहां भूत–प्रेत, भय और अकाल मृत्यु का वास नहीं होता। कलयुग में राम नाम को सबसे बड़ा आधार माना गया है, जिसे कलयुग रूपी कपट कालनेमि को नष्ट करने वाला बताया गया है। आम जनमानस के लिए अवधी में रचित यह ग्रंथ, भारतीय संस्कृति का आधारस्तंभ है और आज के समाज के लिए भी एक आदर्श मार्गदर्शक है, वही कथा में उत्तर कांड, बालकाण्ड सहित सुंदर कांड की कथा बताते हुए हनुमान जी की भक्ति की शक्ति को बताया। वही कथा स्थल में 15 युवाओं ने रक्त दान करने पर उन्हें हेलमेट भेंट कर सम्मानित किया।

**ये रहे उपस्थित**

आयोजन में पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रामशिला साहू, जजमान संजय चंद्राकर, रेणु चंद्राकर, महेंद्र साहू, रामेश्वरी साव, मोती लाल साहू, दुलेशवरी साहू, आकाश सोनी, सौम्या सोनी, सोमन लाल सेवा निवृत्त व्याख्याता देशमुख, बुधिया बाई, गिरवर साहू, अमर सिंह साहू, रोशन साहू, हरीश साहू, योगेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे, वही अंडा पुलिस सहित स्वास्थ विभाग की टीम रही, वही सुरेश साहू ने बताया कि सोमवार को कथा भीड़ रहेगी, वही भोजन भंडारा भी रखा गया है।

## देवरी में दो दिनी सत्संग आज से निकाली जाएगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/निकुम



ग्राम देवरी द बड़े पारा में ग्रामवासी एवं सत्संग समिति व अमीन माता सत्संग समिति देवरी द के तत्वाधान 6 अप्रैल सोमवार को संत हरिदास साहेब बांधवगढ़ द्वारा सुबह गुरु महिमा का पाठ एवं पहुंचे संतो द्वारा भजन व प्रवचन का आयोजन होगा।

- सुरक्षा के विशेष इंतजाम

वही 7 अप्रैल मंगलवार को अमीन माता स्वरूपा गुरु माता सुलक्षणा देवी साहिब कबीर धर्म नगरी आश्रम दामाखेड़ा ग्राम देवरी द में आयेगी, क्षेत्र में बड़े स्तर पर हो रही आयोजन से सभी मे बड़ी खुशी हैं, गुरु माता के स्वागत हेतु भव्य कलश यात्र में हजारों महिलाओं द्वारा निकाली जाएगी, तत्पश्चात माता साहिब के श्री मुख से श्रद्धालुओं को सदगुरु कबीर साहेब की दिव्य संदेश का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आयोजन में, पेयजल, भोजन भंडारा सहित सत्संगीयों पूरी सुरक्षा व सुविधा की तैयारी हो चुकी है, वही इस आयोजन में प्रदेश के कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचेंगे। वही आयोजन समिति के सदस्य हिंछा राम, चुम्मन साहू, उप सरपंच खेलन दास साहू, गणेश राम, कृष्णा दास, मनहरण दास, पोषण दास, भाव दास सहित अमीन माता की महिला मंडली धर्म के कार्य में जुटी हुई है। गौर हो कि इस आयोजन में बड़ी संख्या भीड़ रहेगी, वही अर्जुन्दा पुलिस भी मुस्तैद रहेगी।

## त्रि-दिनी रामधुनी प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर





धमना में जारी त्रि–दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस पर मुख्य अतिथि के तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त जितेंद्र कुमार साहू थे। अध्यक्षता जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू ने किया। विशेष अतिथि पूर्व विधायक दयाराम साहू, तहसील साहू समाज पाटन अध्यक्ष लालेश्वर साहू, क्षेत्र के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। रिश्तों और कष्टों को मैनेज करना सिखाती है राम का जीवनः मुख्य अतिथि जितेंद्र साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आदर्श है। मर्यादमय जीवन जीने की संस्कार हमे विरासत में मिली है। रिश्तों और कष्टों को कैसे संतुलित करना है भगवान श्रीं राम ने हमें जीवन जी कर दिखाया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के पद चिन्हों पर चलने वाले सुकून शांति भरा जीवन यापन करते है। दूसरों की भलाई में अपनी भलाई समझते है।

- रिश्तों और कष्टों को संतुलित करना सिखाता है राम का जीवन

**रामधुनी से संस्कार की विरासत**

अध्यक्षता कर रही कल्पना नारद साहू ने कहा कि धमना में विगत 8 वर्षों से भगवान राम की धूनी में ग्रामीण लीन होते है। रामधुनी आने वाली पीढ़ी को विरासत में संस्कार का उपहार देती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आयोजन समाज को संगठित रखने और भाईचारा संचार का सशक्त माध्यम है।

**रामधुनी में भीड़ उमड़ी**

चर्रा कुरुद की भारत दर्शन रामधुनी मंडली द्वारा प्रस्तुत संपूर्ण रामायण की संगीतमय झांकी, जिसमें श्रीराम–लक्ष्मण–सीता का वनवास, सीता हरण, जटायु वध, लंका दहन और रावण वध सहित नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रदेशभर से आई मंडलियां अपनी भक्ति एवं कला का अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं, जिसे देखने और आत्मसात करने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

**ये रहे उपस्थित**

आयोजन के कर्णधार समाजसेवी नारद साहू, जितेश साहू, कमलेश यादव, शिवराज यादव, सत्येंद्र स्वर्णकार, अंकालू साहू, लालकुमार साहू, रवि अग्रवार, संतोष साहू, कोमल साहू, अरुण सोनी, लक्ष्मण सोनवानी, गणेश सोनवानी, मनीष साहू, कीर्तन साहू, भारत साहू, प्रदीप निर्मलकर, नीलेश साहू, उदय साहू, मनीष कुमार, अभिषेक सेन, खिलेश्वर साहू, दुर्गेश साहू, भूपेंद्र नेताम, मुकेश साहू, बिरबल साहू, भारत साहू,सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शिवदर्शन आध्यात्मिक मेले के दूसरे दिन हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद







प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आमापारा बालोद द्वारा आयोजित शिवदर्शन आध्यात्मिक मेले के दूसरे दिवस का उद्घाटन सेजेश बालोद के प्राचार्य अरूण साहू, संस्कार शाला प्राचार्य मदन मोहन खटवा, गुरूकुल विद्यापीठ के प्राचार्य कमल नारायण साव, ब्रह्माकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके विजयलक्ष्मी दीदी एवं सहसंचालिका बीके. सरिता दीदी के करकमलो से हुआ।

मंच संचालन बीके मनीष भाई ने किया। इस अवसर पर बीके. सरिता दीदी ने परमात्मा शिव का सत्य परिचय देते हुए कहा कि भगवान कहलाने के लिए 5 योग्यताएं होना आवश्यक है। पहली वह सर्वधर्म मान्य हो, दूसरी वो सर्वज्ञ हो, तीसरी वो अजन्मा हो, चौथी वो सर्वोपरि हो और पांचवी वो सर्व गुण सम्पन्न हो। ये पांचो योग्यताएं सिर्फ शिव जी ही पूरी करते है। इसीलिए उनकी पूजा विश्व भर में तथा भारत के गांव–गांव में होती है। परमात्मा शिव कलियुग के अंत में अवतरित होते है, उसी का यादगार शिवरात्रि मनाया जाता है। वर्तमान समय वही कलियुग अंत का समय चल रहा है और परमात्मा शिव सृष्टि पर अवतरित होकर कलियुगी सृष्टि को बदल कर सतयुग की स्थापना का कार्य कर रहे है। बी.के. विजयलक्ष्मी दीदी ने सभी अतिथियों एवं श्रध्दालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह आध्यात्मिक मेला रखने का उद्देश्य यही है कि हम सब भगवान को याद तो कर रहे है पर उनके गुणों और शक्तियों को अपने जीवन में अनुभव नहीं कर पा रहे है। भगवान को सभी मानते जरूर है पर वो कौन है, कहां रहते है, क्या कर्तव्य करते है जानते नहीं है तो ब्रह्माकुमारीज संस्थान विश्व के 140 देशों में आत्मा और परमात्मा का सत्य परिचय बताने के उद्देश्य से अपना कार्य कर रही है। अरूण साहू ने कहा कि हमारे जीवन का ऐसा कौन सा रहस्य है जिसे हम पा लेना चाहते है? शिव का अर्थ ही है कि ऐसा कल्याणकारी जो हमारी अंतर्रात्मा और बाहरी जगत का एकाकार होना। ब्रह्माकुमारीज के आयोजनों से हमें जीवन की उत्कृष्टता को प्राप्त करने और समाज कल्याण करने की प्रेरणा मिलती है। खटवा ने कहा कि हम शिक्षक अक्षर ज्ञान, संख्यात्मक ज्ञान तो देते है किन्तु आज समाज को जिस ज्ञान की जरूरत है वो है आध्यात्मिक ज्ञान और वो ज्ञान हमें ऐसे स्थानों आने पर ही मिलता है, इसलिए हमें अपने बच्चों को लेकर ऐसे आयोजनों पर अवश्य जाना चाहिए।

कमल नारायण साव ने कहा कि जब मेले का नाम सुनते है तो धूल, भीड़ की कल्पना करते है किन्तु जब यहां पहुंचे तो एक दिव्य शांति और अलौकिकता की अनुभूति हुई। इस तरह 3 अप्रैल से 7 अप्रैल के मेले के पश्चात 8 अप्रैल से राजयोग शिविर रखा गया है। जिसका समय सुबह 7 बजे से 8 बजे तक एवं संध्या 7 से 8 बजे तक रहेगा।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा तहसील स्तर में प्रेरणा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम मंगचुवा से कक्षा ग्यारहवीं गणित की छात्रा प्रेरणा साहू ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की है।

विदित हो कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रतियोगिता पूरे भारत में अखिल विश्व गायत्री परिवार के माध्यम से आयोजित किया जाता है। जिसमें प्राथमिक, मिडिल, हाई, स्कूल, हॉयर सेकेंडरी स्कूल एवं कॉलेज स्तर का परीक्षा आयोजित किया जाता है।

इसमें हॉयर सेकेंडरी स्तर में तहसील स्तर में प्रेरणा साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त की है। प्रेरणा साहू ने संस्था का नाम रोशन की है। प्रभारी प्राचार्य आई. आर. बागमरिया ने छात्रा को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

साथ ही बधाई देने वालों में शिवेंद्र कुमार झरिया, चित्ररेखा आर्य व्याख्याता, योगेश कुमार देशमुख व्याख्याता, जोशी सर व्याख्याता, एवं समस्त स्टॉफ ने छात्रा को बधाई प्रेषित किए हैं। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रोहित कुमार धालेंद्र, उमा जैन सरपंच मंगचुवा, भाजपा मंडल अध्यक्ष उतरा घरेंद्र, पूनम चंद जैन महामंत्री भाजपा मंडल रेंगाडबरी, उत्तम सिंह ठाकुर, सखाराम गवर्ना एवं समस्त सदस्यों ने छात्रा को बधाई प्रेषित किए हैं।

**नए अध्यक्षों की घोषणा**

## कांग्रेस संगठन विस्तार को लेकर ग्राम कंवर में बूथ स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन अभियान की समीक्षा उपरांत संगठनात्मक पूर्णता व संगठन की मजबूती को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक अंतर्गत समस्त बूथों, पंचायतों एवं नगरीय निकाय के वार्डों में संगठनात्मक ढांचा पूर्ण किये जाने के संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी बालोद और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के दिशानिर्देशों का पालन करते हुये ग्राम कंवर में उपाध्यक्ष जिला कॉंग्रेस कमेटी बालोद तामेश्वर साहू के अगुवाई में बूथ लेवल बैठक आहूत किया गया।

जिसमे विशेष रूप से कंवर पलारी मंडल के बैठक प्रभारी राकेश सोनबेर, अरमरीकला मंडल अध्यक्ष टोमन लाल साहू, मनीष देवांगन, सेक्टर अध्यक्ष सनौद उमेश कुमार साहू, ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी गुरूर कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सरपंच कंवर दिव्या पटेल और सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में एवं उनकी सहमती से बूथ अध्यक्ष, ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की गई। जिसमें बूथ क्रमांक 184 से बूथ अध्यक्ष खिलेश कुमार पटेल, बूथ क्रमांक 185 से बूथ अध्यक्ष उदय शंकर ढीमर, बूथ क्रमांक 186 से बूथ अध्यक्ष जगजीवन सोनवानी, पंचायत कमेटी कंवर अध्यक्ष के रूप मे चीतर सिंह साहू की नियुक्ति की गई। साथ ही साथ ग्रामीण महिला कमेटी की अध्यक्ष प्रेमलता साहू, ग्रामीण युवा कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र कटलंगे की नियुक्ति भी हुई। सभी प्रभारी अतिथियों के द्वारा नवनियुक्त बूथ अध्यक्षों, ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष, ग्रामीण युवा कांग्रेस अध्यक्ष और उनके पूरी टीम को बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं ज्ञापित की गई और भविष्य में कांग्रेस की रीति नीति के अनुसार पूरी कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ संगठन की नीतियों और जनसेवा के कार्यों को जनता तक पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहने कि अपील उपस्थित कार्यकर्ताओं से गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्तागण अजित राम साहू, कुले"वर ढीमर, तुलसी ढीमर, मोहनीष सिन्हा, छन्नूराम साहू, नेमसिंग पटेल, रेखा पटेल, रेणुका सिन्हा, गोदावरी साहू, सरोज डहरे, पुर्णिमा पटेल और प्रेमलता साहू उपस्थित थे।

